प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीतने वाले भाजपा और रालोद के 7 नव निर्वाचित विधायकों ने आज ली शपथ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– यह प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने संभल की शाही जामा मस्जिद समिति को मस्जिद सर्वेक्षण मामले में उच्च न्यायालय जाने को कहा : सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ याचिका सूचीबद्ध होने तक स्थानीय अदालत को कार्रवाई रोकने का दिया निर्देश।
3. उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा महाकुंभ 2025 प्रिल्यूड का नई दिल्ली में आयोजन : विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक मेले की पेश की जा रही है झलक। और
4. सयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने सेमीफाइनल में बनाई जगह : तनीषा क्रस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी अंतिम चार में शामिल।

————————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीतने वाले भाजपा और रालोद के 7 नवनिर्वाचित विधायकों को आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया।

इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के मंत्री सुरेश खन्ना सहित तमाम मंत्री और विधायक मौजूद रहे। इसके बाद भाजपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ काम करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। बाइट.....

*कोई भी सफलता हमें एक नई प्रेरणा देती है आगे बढ़ने के लिये। एक नई मंजिल की तरफ आगे बएने के लिये और उससे बढ़ी सफलता प्राप्त करने के लिये प्रेरित तो करती है, लेकिन असफलता भी उन कमियों की ओर हमारा ध्यान भी आकर्षित करती है। अगर ये प्रयास, असफलता के लिये चुनौती है तो उसे चुनौती के रूप में स्वीकार करके हमें आगे बढ़ना है। कोई कारण नहीं अगर हम प्रयास तो 2027 में प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा। इसमें कोई संदेह किसी को नहीं होना चाहिये।*

——————

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल की स्थानीय अदालत से कहा है कि वह चंदौसी में शाही जामा मस्जिद के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई तब तक न करे, जब तक कि सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं हो जाती। न्यायालय ने यह

भी निर्देश दिया कि मस्जिद का सर्वेक्षण करने वाले एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखा जाए और इसे बीच में न खोला जाए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से शांति और सद्भाव बनाए रखने को कहा है। और जानकारी हमारे संवाददाता से.....

*सर्वोच्च न्यायालय आज मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 19 नवंबर को पारित स्थानीय न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। स्थानीय न्यायालय ने एडवोकेट कमिश्नर को मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। इस बीच संभल में आज कोर्ट कमिश्नर ने सीनियर डिवीजन न्यायालय चंदौसी में सर्वे की रिपोर्ट नहीं पेश की। कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए जज से 10 दिन का समय मांगा। इसको लेकर सीनियर डिवीजन न्यायालय ने सुनवाई के लिए 8 जनवरी 2025 की तारीख नियत की है। इधर संभल में जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। संभल में बीती 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुयी हिंसा की जांच के लिये राज्य सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। इस सम्बन्ध में गृह विभाग ने कल देर रात अधिसूचना जारी कर दी। जांच के लिये इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। आयोग में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ए.के जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य होंगे। यह आयोग दो माह में जांच कर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में ट्रायल कोर्ट से उच्च न्यायालय ट्रांसफर की गई 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य मानने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को मुस्लिम पक्ष की ओर से चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। चीफ जस्टिस

संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह देखा जाएगा कि क्या उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले की अपील उच्च न्यायालय की बड़ी पीठ में संभव है। इस मामले में हिन्दू पक्ष ने पहले ही कैविएट दाखिल कर रखा है।

———————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से भारत के करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की हर घर नल योजना से देश के करोड़ों ग्रामीण जन को स्वच्छ जल मिल रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की भी तारीफ की। श्री अठावले ने संभल मामले पर कहा कि दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनायी रखनी चाहिये और न्यायालय का जो भी आदेश आयेगा उसे स्वीकार करना चाहिये।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आगामी एक दिसंबर को कानपुर के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वे आईआईटी कानपुर का भी दौरा करेंगे और वहां छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

————————

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से 'महाकुंभ–2025 प्रील्यूड' का आयोजन आज नई दिल्ली के निजी होटल में किया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य महाकुंभ–2025 के आयोजन से पूर्व उसकी महत्ता, मूल्यों और तैयारियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाना है। साथ ही संगम नगरी प्रयागराज और वहां के तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना है। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि, कई देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ–साथ विभागों के सचिव और मुख्य सचिव भी मौजूद हैं।

इस बीच महाकुम्भ में स्वच्छता और सुन्दरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुष्प वाटिकाएं और रंग बिरंगे पौधे

क्यारियां और गमलों में लगाए जायेंगे। इसके लिए 07 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए का बजट रखा गया है।

—————————

लखनऊ में आयोजित सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिन्टन चम्पियनशिप में पीवी सिंधु महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। उन्होंने चीन की दाई वांग को 21—15, 21—17 से हराया। पीवी सिंधु ने महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंचने पर खुशी जताते हुए कहा कि मैने कल के मुकाबले आज बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।
बाइट..... पीवी सिंधु— अंग्रेजी में

वहीं पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और दूसरी वरीयता प्राप्त प्रिंयाशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गये। महिला युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई है, पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो मिश्रित युगल तथा पिछली बार की उपविजेता भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो भी अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे।

वहीं मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची तनिषा क्रैस्टो ने आज के प्रदर्शन पर खुशी जताई। बाइट...

*जब सेंकेड सेट हारे थे हमने हौसला नहीं छोड़ा तब भी हिम्मत रखी हमने, हम बिल्कुल एक फ्रेश स्टार्ट से थ्रर्ड सेट पर गये और जो—जो नेगेटिव*

*किया हमने वहीं रेड्यूस किया हमने और पासिटिव पर ज्यादा फोकस किया और थोड़ा सा जयादा इंजाय करके खेलने लगे थर्ड सेट उस वजह से बहुत हेल्प किया थर्ड सेट पर।*

———————

पीलीभीत जनपद के पूरनपुर में स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल का शुभारंभ आज जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने किया। जिलाधिकारी ने चीनी मिल नियमित रूप से चलाने और किसानों को गन्ना आपूर्ति के लिए पर्याप्त पर्चियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

(समाप्त)